**रसोई गैस के उत्पादन का बढ़ाया जाना**

2473. **श्री मूल चन्द मीणा :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में रसोई गैस के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कितनी नई योजनाएं तैयार की गई हैं;

(ख) इनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या इन योजनाओं को कार्यान्वित किए जाने पर गैस सिलिंडरों के मूल्यों में कमी आयेगी, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) चालू पंचवर्षीय योजना के दौरान सरकार कितनी नई योजनाओं को कार्यान्वित करने का विचार रखती है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) :**

(क), (ख) और (घ) आठवीं पंच-वर्षीय योजना की समाप्ति पर एल० पी० जी० का अनुमानित उत्पादन 3818 हजार मी० टन होने की संभावना है जबकि इसकी तुलना में वर्तमान उत्पादन करीब 2556 हजार मी० टन है । यह प्रस्तावित है कि, कोयाली (गुजरात), बरौनी (बिहार), कोचीन (केरल), मद्रास (तमिलनाडु) तथा असम में गुवाहाटी, डिग्बोई, बोंगाईगांव में स्थित मौजूदा रिफाइनरियों को विस्तार करके/अवरोधों को हटा कर तथा मंगलोर, नारीमनम, करनाल एवं नुमालीगढ़ में नई ग्रासरूट रिफाइनरियां स्थापित करके इस लक्ष्य की प्राप्ति की जाएगी । मौजूदा तथा नए प्रभाजकों जैसे वागोड़िया (गुजरात), लकवा (असम), गंधार (गुजरात), उसर (महाराष्ट्र) तथा नारीमनम (तमिलनाडु) से भी वर्धमान उत्पादन प्राप्त किए जाने की संभावना है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**Allotment of Petrol Pumps/Gat Agencies to the Rural People**

2474. SHRI RAMJI LAL : Will the Minister of PETROLEUM AND NATU RAL GAS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have decided to provide Petrol Pumps/Gas Agencies etc. to the rural people of the country;

(IV) if so, the details thereof alongwith the criteria fixed for these allotments; and

(c) the number of such allotments made *to rural people since last three years* ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) to (c) Allotment of petrol pumps/gas agencies are made through a procedure of selection through the Oil Selection Boards to eligible persons according to prescribed norms. There is no distinction between urban and rural applicants.

**Use of Kerosene in Auto Rickshaws**

2475. SHRI J. P. IAVALI : WiU the Minister Of PETROLEUM AND NATU RAL GAS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that in view of high petrol prices, auto rickshaws are using kerosene alongwith petrol as fuel; and

(b) if so, what steps are being taken to bring down petrol prices and curb the practice of using kerosene in auto rick shaws ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) and (b) While there are reports that some auto rickshaws are using Kerosene mixed with petrol as a fuel for their vehicles, steps are beings taken by the oil industry to curb such practice under the marketing discipline guidelines and through educational programmes. There is no proposal to rsduce the prices of petrol.

**बामर लारी एण्ड कं० को हुआ घाटा**

2476. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बाताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बामर लारी एण्ड कं० लि० को उत्पादन स्थगन के दौरान कितना वित्तीय घाटा हुआ है ;

(ख) क्या यह सच है कि बामर लारी एण्ड कं० लि० ने सिलेंडरों में होने वाले रिसाव की जांच करने के लिए रिसाव परीक्षण मशीन खरीदी थी परन्तु उसे उपयोग में नहीं लाया गया ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार गैस सिलेंडरों के विनिर्माण के लिए विख्यात मथुरा स्थित इस कम्पनी को निजी क्षेत्र को सौंपने का विचार रखती है ; और

(घ) क्या सरकार द्वारा बीमार घोषित की गई कम्पनियों की सूची में बामर लारी एण्ड कम्पनी का नाम शामिल है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) :** (क) दिनांक 12-8-1992 और 30-11-1992 के बीच उत्पादन विलंबन के दौरान मथुरा में कम्पनी के सिलेंडर और स्टोव प्रभाग को हुई हानि लगभग 25 लाख रुपए होने का अनुमान है ।

(ख) नवम्बर, 1991 में स्थापित रिसाव परीक्षण मशीन मई, 1992 तक प्रचालन में थी परन्तु उसके बाद इसका इस्तेमाल फालतू पूर्जों के उपलब्ध न होने के कारण नहीं किया जा सका।

(ग) सरकार ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है ।

(घ) जी, नहीं ।

**बामर लारी एण्ड कंपनी का बंद किया जाना**

2477. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बाताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बामर लारी एण्ड कम्पनी को बंद किया जा रहा है ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उत्पादन की गुणवत्ता के बारे में की गई शिकायतों के आधार पर सिलिंडरों का उपादन नौ बार स्थगित किया गया है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि यह कम्पनी निर्धारित लक्ष्य से अधिक उत्पादन कर रही है और अपने कर्मचारियों को उत्पादकता लाभांश भी दे रही है; यदि हां, तो जब-जब ऐसा लाभांश दिया गया तब-तब इसके उत्पादन की स्थिति क्या थी ;

(घ) क्या इसके उत्पादन में कोई कमी आई है ; तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या यह भी सच है कि बामर लारी कर्मचारी संघ में 30 बार सरकार का ध्यान इस कम्पनी के घटते हुए उत्पादन तथा इसमें व्याप्त कुप्रबन्धन की ओर दिलाया था ; यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है और क्या सरकार कम्पनी के कार्यों की केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच कराने का विचार रखती है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) :** (क) जी, नहीं ।

(ख) बाटलिंग संयंत्र में रिसाव वाले सिलिंडरों का पता चलने के कारण मथुरा स्थित बामर लारी एण्ड कम्पनी लि० की इकाई में एल० पी० जी० सिलिंडरों का उत्पादन नौ अवसरों पर निलम्बित किया गया था ।